# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


## जहानाबाद मे SP अपराजित लोहान का जनता दरबार, 19 शिकायतों पर सुनवाई


RANJEET KUMAR



Published on 25 Apr 2026




रणजीत कुमार | जहानाबाद, बिहार | समाचार वाणी न्यूज़

जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की शिकायतों को सीधे सुना।

जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। कुल 19 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें भूमि विवाद, पारिवारिक मामले, आपराधिक घटनाएं और अन्य स्थानीय समस्याएं प्रमुख रहीं। लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर यहां पहुंचे थे।

एसपी अपराजित लोहान ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का समय पर और निष्पक्ष समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान संबंधित थाना प्रभारियों और अन्य विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्हें सभी मामलों की निष्पक्ष जांच करने और जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही, तत्काल कार्रवाई योग्य मामलों को प्राथमिकता देने पर भी विशेष जोर दिया गया।

जनता दरबार के माध्यम से प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद मजबूत हो रहा है। इससे लोगों में यह विश्वास बढ़ रहा है कि उनकी समस्याओं का समाधान अब पारदर्शी और प्रभावी तरीके से किया जा रहा है।


DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/RANJEET KUMAR, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.